# विराट कोहली और गिल का शानदार प्रदर्शन, भारत जीता

**93** रन बनाकर शतक से चूके विराट कोहली

**4** विकेट लेकर काइल ने न्यूजीलैंड को मुकाबले में बनाए रखा

**वडोदरा, 11 जनवरी. वडोदरा में खेले गए पहले वनडे में विराट कोहली और शुभमन गिल के अर्धशतकों की बदौलत भारत ने 301 रन का लक्ष्य हासिल किया.**

वडोदरा के कोटांबी स्टेडियम में खेले गए भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले वनडे मुकाबले में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चार विकेट से जीत दर्ज की और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने दबाव भरे हालात में संयम और आक्रामकता का बेहतरीन संतुलन दिखाया, जिसमें विराट कोहली और शुभमन गिल की पारियां निर्णायक साबित हुईं। टॉस जीतकर भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया, जो शुरुआत में पूरी तरह सही साबित नहीं हुआ। न्यूजीलैंड के ओपनर डेवोन कॉनवे और हेनरी निकोल्स ने भारतीय गेंदबाजों पर शुरुआती दबाव बना दिया। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 117 रनों की शतकीय साझेदारी हुई। कॉनवे ने 56 और निकोल्स ने 62 रन बनाकर टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। भारतीय फील्डिंग भी सवालों के घेरे में रही, जब कुलदीप यादव ने निकोल्स का एक आसान कैच छोड़ दिया। हालांकि, हर्षित राणा ने मैच में भारत की वापसी कराई। उन्होंने पहले निकोल्स और फिर कॉनवे को आउट कर न्यूजीलैंड की रफ्तार पर ब्रेक लगाया। इसके बाद मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा ने लगातार विकेट निकालकर कीवी टीम को झटके दिए। मध्यक्रम पूरी तरह लड़खड़ा गया और 198 के स्कोर तक न्यूजीलैंड के पांच विकेट गिर चुके थे।

## शुभमन गिल ने कप्तान के रूप में जिम्मेदारी निभाते हुए अर्धशतक जड़ा



डेरिल मिचेल ने एक छोर संभालते हुए 84 रनों की अहम पारी खेली और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। अंतिम ओवरों में क्रिस्टियन क्लार्क और काइल जैमीसन ने तेजी से रन जोड़ते हुए न्यूजीलैंड को 300 के स्कोर तक पहुंचाया। भारत की ओर से सिराज, प्रसिद्ध और हर्षित ने दो-दो विकेट झटके, जबकि कुलदीप को एक सफलता मिली। 301 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत ज्यादा खास नहीं रही। रोहित शर्मा 26 रन बनाकर आउट हो गए, जिससे भारत को पहला झटका लगा।

# WPL: गुजरात ने दिल्ली को 4 रन से हराया

## आखिरी ओवर तक चली रोमांचक भिड़ंत

**WPL 2026 के चौथे मुकाबले में आखिरी ओवर तक चली रोमांचक भिड़ंत, सोफी डिवाइन की पारी के बावजूद दिल्ली लक्ष्य तक नहीं पहुंच सकी।**

महिला प्रीमियर लीग 2026 के चौथे मैच में गुजरात जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। गुजरात की टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 209 रन बनाए, जिसके जवाब में दिल्ली 205 रन ही बना पाई और 4 रन से हार गई। गुजरात के लिए सोफी डिवाइन ने शानदार 95 रनों की पारी खेली। उन्होंने 42 गेंदों में 7 चौके और 8 छक्के लगाए। उनके आउट होने के बाद भी गुजरात ने अंतिम ओवर तक दबाव बनाए रखा और मुकाबला अपने नाम किया।



दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत अच्छी रही, लेकिन लिजेल ली (86) और चिनेल हेनरी (7) के विकेट जल्दी गिरने से टीम को लक्ष्य पूरा करने में कठिनाई हुई। जेमिमाह रोड्रिग्स की कप्तानी में दिल्ली ने आखिरी तक प्रयास किया, लेकिन अंतिम ओवर में 7 रन की कमी रह गई। इस जीत के साथ गुजरात ने ङ्ख्रक्क2026 की शानदार शुरुआत की है। दोनों टीमों का हेड टू हेड रिकॉर्ड अब 6 मुकाबलों में दिल्ली 4 जीत के साथ आगे है जबकि गुजरात 2 जीत दर्ज कर सकी है।

# वेदांता कलिंगा ने एचआईएल जीसी को 3-1 से हराया

**रांची, 11 जनवरी वेदांता कलिंगा लांसर्स ने रविवार को पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग में निर्धारित समय में स्कोर 1-1 से बराबर रहने के बाद हुए शूटाआउट में एचआईएल जीसी पर 3-1 से जीत दर्ज की.**

आज यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेले गये मुकाबल में अजीत यादव (19वें) और अलेक्जेंडर हेन्ड्रिक्स (23वें) मिनट में अपनी-अपनी टीमों के लिए गोल किए. खास बात यह है कि वेदांता कलिंगा लांसर्स ने पूरे मैच में एक भी पेनल्टी कॉर्नर नहीं दिया. इस जीत के साथ विजेता टीम लीग की अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई हैं. एचआईएल जीसी ने इस मैच की शुरुआत में दबदबा बनाया, गेंद पर अधिकतर समय कब्जाये रखा. हालांकि, छह सर्कल एंट्री करने के बावजूद वे कोई खास सफलता हासिल नहीं कर पाए.

वेदांता कलिंगा लांसर्स ने अपनी रणनीति बनाए रखी, काउंटर अटैक पर खेलते हुए खुद भी छह सर्कल प्रवेश किया. उन्हें खेल का पहला असली मौका पेनल्टी कॉर्नर के रूप में मिला, लेकिन वे पहले गोल रहित क्वार्टर में इसका फायदा नहीं उठा पाए.

## वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026

# गुलवीर सिंह 40वें स्थान पर

**टलहासी (अमेरिका), 11 जनवरी भारत के लंबी दूसरी के धावक गुलवीर सिंह वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप 2026 में सीनियर पुरुषों की दौड़ में 40वें स्थान पर रहे.**

अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत के टलहासी शहर में शनिवार को हुई इस चैंपियनशिप में 30:39 सेकंड समय के साथ 40वें स्थान पर रहे. यह गुलवीर सिंह के करियर में क्रॉस कंट्री रेस में उनका दूसरा सबसे अच्छा समय था, इससे पहले उन्होंने दो साल पहले बेलग्रेड में हुई पिछली वर्ल्ड क्रॉस कंट्री चैंपियनशिप में 30:07 का समय निकाला था. गुलवीर के साथी भारतीय एथलीट सावन बरवाल 31:37 का समय निकालकर टलहासी 2026 में 60वें स्थान पर रहे. टोक्यो 2020 ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता युगांडा के जैकब किप्लिमो ने 28:18 का समय निकालकर लगातार तीसरा वर्ल्ड क्रॉस कंट्री खिताब जीता. इथियोपिया के बेरिहू अरेगावी 18 सेकंड पीछे रहे और लगातार तीसरी बार किप्लिमो के बाद दूसरे स्थान पर रहे. केन्या के डेनियल एबेन्यो 28:45 का समय निकालकर तीसरे स्थान पर रहे.



## एक नजर में



### ऋषभ पंत हुए एकदिवसीय सीरीज से बाहर

**वडोदरा.** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत रविवार को अभ्यास के दौरान लगी साइड स्ट्रेन के कारण न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज से बाहर हो गए हैं. ध्रुव जुरेल को उनकी जगह टीम में शामिल किया गया है और वह वडोदरा में टीम से जुड़ भी चुके हैं. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जारी एक बयान में कहा, पंत को शनिवार अभ्यास सत्र के दौरान नेट्स में बल्लेबाजी करते समय दाईं तरफ पसलियों के पास अचानक दर्द महसूस हुआ. उन्हें तुरंत एमआरआई स्कैन के लिए ले जाया गया. इसके बाद बीसीसीआई का चिकित्सा दल ने विशेषज्ञ के साथ उनकी क्लिनिकल और रेडियोलॉजिकल रिपोर्ट पर विस्तार से चर्चा की. पंत को साइड स्ट्रेन की पुष्टि हुई है और उन्हें एकदिवसीय सीरीज से बाहर कर दिया गया है.

### सबालेंका ने जीता 22वां करियर खिताब

**ब्रिस्बेन.** दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने रविवार को ब्रिस्बेन इंटरनेशनल फाइनल में मार्टा कोस्त्युक को हराकर अपने करियर का 22वां सिंगल्स खिताब और 2026 का पहला खिताब जीता. सबालेंका ने रविवार शाम को एक घंटे और 18 मिनट में दुनिया की नंबर 26 खिलाड़ी कोस्त्युक को 6-4, 6-3 से हराकर लगातार दूसरे साल ब्रिस्बेन इंटरनेशनल खिताब जीता. कोस्त्युक पर जीत के साथ सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन वार्म-अप इवेंट में अपना शानदार प्रदर्शन पूरा किया, जहां उन्होंने अपने पांच मैचों में एक भी सेट नहीं हारा. इससे सबालेंका टूर्नामेंट के 17 साल के इतिहास में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में लगातार खिताब जीतने वाली तीसरी महिला खिलाड़ी बन गईं और 2023 की शुरुआत से ऑस्ट्रेलिया में मैचों में उनका रिकॉर्ड 38 जीत और दो हार हो गया. सबालेंका ने कोस्त्युक की सर्विस तोड़ी, जिन्होंने फाइनल में पहुंचने के लिए तीन टॉप-10 विरोधियों को हराया था, पहले और दूसरे सेट में दोनों में 3-0 की बढ़त बनाई.



### यास्तिका भाटिया डब्ल्यूपीएल 2026 से बाहर

**नवी मुम्बई.** गुजरात जायंट्स (जीजी) की विकेटकीपर बल्लेबाज यास्तिका भाटिया वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2026 से बाहर हो गई हैं। भाटिया की उपलब्धता को पहले से ही संशय बना हुआ था क्योंकि अक्तूबर में उनकी एसीएल सर्जरी हुई थी। डब्ल्यूपीएल ने नीलामी से पहले ही तमाम फ्रैंचाइजी को सूचित कर दिया था कि अगर कोई टीम उन्हें खरीदती है तो उनके लिए रिप्लेसमेंट विकल्प नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद जीजी और यूपी वॉरियर्ज ने उनके लिए बोली लगाई और जीजी ने 50 लाख में उन्हें खरीद लिया। जीजी के कोच माइकल क्लिंगर ने सोशल मीडिया पर फ्रैंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, फ्रहम उम्मीद करते हैं कि आप अच्छी होंगी और अच्छी तरह से रिकवर कर रही होंगी। हमें आपके दोबारा फिट होने और डब्ल्यूपीएल के पांचवें सीजन में बेसब्री से आपकी वापसी का इंतजार है।





# एमआई केप टाउन ने जोबर्ग सुपर किंग्स को हराया

**रिकलटन एसए20 में एक से अधिक शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज**

**सैंडटन, 11 जनवरी रयान रिकलटन बेटवे एसए20 में एक से अधिक शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गए.**

डिफेंडिंग चैंपियन एमआई केप टाउन ने वांडरर्स में खेले गए 'एल क्लासिको' मुकाबले में जोबर्ग सुपर किंग्स (जेएसके) को 36 रन से हराकर अपने बेटवे एसए20 अभियान को नई जान दी. रिकलटन ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी की बराबरी करते हुए 60 गेंदों में नाबाद 113 रन (8 चौके, 9 छक्के) बनाए, जिसकी बदौलत एमआई केप टाउन ने 20 ओवर में 3 विकेट पर विशाल 234 रन बनाए. इसके बाद जॉर्ज लिंडे (2/30) और कगिसो रबाडा (2/34) की सटीक गेंदबाज़ी ने सुपर किंग्स को 5 विकेट पर 198 रन तक सीमित कर दिया. सलामी बल्लेबाज़ रासी वान डर डुसेन ने भी अहम योगदान दिया और 32 गेंदों में 65 रन (4 चौके, 6 छक्के) जड़े. उन्होंने और रिकलटन ने दो सत्र पहले इसी मैदान पर हुई 200 रन की रिकॉर्ड ओपनिंग साझेदारी की यादें ताज़ा करते हुए इस बार भी सिर्फ 10.2 ओवर में 129 रन की तेजतर्रार साझेदारी की.

# मैच रद्द, हरिकेंस ने प्लेऑफ में जगह पक्की की

**सिडनी, 11 जनवरी सिडनी सिक्सर्स और होबार्ट हरिकेंस के बीच बीबीएल का मैच 31 लगातार बारिश के कारण रद्द कर दिया गया.**

अंक बांटे जाने के बाद हरिकेंस प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली टीम बन गई, जबकि सिक्सर्स टेबल में एक स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गई.

यह मैच एशेज के बाद बीबीएल में स्टीव स्मिथ की वापसी का प्रतीक था और जब उन्हें पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा गया तो उन्होंने सिक्सर्स के लिए पारी की शुरुआत करने के लिए बाबर आजम के साथ साझेदारी की. हरिकेंस की कसी हुई गेंदबाजी ने ज्यादातर मशहूर बल्लेबाजों को काबू में रखा, जिससे पावरप्ले में सिर्फ 25 रन बने. हालांकि, सिक्सर्स के प्रशंसकों के पास खुश होने के कुछ पल थे, जिसमें दूसरे ओवर में स्मिथ का डीप मिड-विकेट पर छक्का और चौथे ओवर में बाबर का कवर ड्राइव शामिल था.



## खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026

# आइस हॉकी ट्रायल सोमवार को

**शिमला, 11 जनवरी.** हिमाचल प्रदेश के युवा सेवा और खेल विभाग ने आगामी खेलो इंडिया विंटर गेम्स 2026 के लिए राज्य की आइस हॉकी टीमों (पुरुष और महिला) के चयन के लिए ट्रायल की घोषणा की है. विभाग द्वारा जारी एक आधिकारिक जानकारी के अनुसार ट्रायल सोमवार को होगा. चुनी गई टीमें खेलो इंडिया विंटर गेम्स-2026 में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिसका पहला चरण 20 जनवरी से शुरू होने वाला है, जबकि दूसरा चरण कश्मीर में खेला जायेगा.

अधिसूचना के अनुसार, पुरुष और महिलाओं दोनों के लिए आइस हॉकी ट्रायल सुबह 11 बजे शुरू होंगे. इच्छुक खिलाड़ियों से अपने हिमाचली बोनाफाइड सर्टिफिकेट और दो पासपोर्ट आकार की तस्वीरों के साथ शेड्यूल के अनुसार ट्रायल सेंटर पर रिपोर्ट करने को कहा गया है. ट्रायल के लिए खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन उसी दिन सुबह 10 बजे शुरू होगा.





### पयास ने सिंड्रेला दास के साथ मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता

**वडोदरा.** पयास जैन डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज 2026 में यहां सामा इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में ट्रिपल क्राउन जीतने की कोशिश करेंगे, क्योंकि उन्होंने सिंड्रेला दास के साथ मिक्स्ड डबल्स का खिताब जीता और रविवार सुबह पुरुष सिंगल्स के फाइनल में भी पहुंच गए। वडोदरा में डब्ल्यूटीटी फीडर सीरीज़ का पहला एडिशन, जिसे स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ गुजरात ने पेश किया है.

**हाई-वोल्टेज फाइनल** दानिल और ब्रैंडन ने शानदार सेमीफाइनल जीत के साथ ब्रिस्बेन इंटरनेशनल के खिताबी मुकाबले में जगह बना ली

# मेदवेदेव-नाकाशिमा ब्रिस्बेन फाइनल में आमने-सामने



**ब्रिस्बेन, 11 जनवरी. ब्रिस्बेन इंटरनेशनल 2026 को एक हाई-वोल्टेज फाइनल मिलने जा रहा है, जहां रूस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव और अमेरिका के उभरते सितारे ब्रैंडन नाकाशिमा खिताब के लिए आमने-सामने होंगे.**

शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में दोनों खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में अपनी जगह पक्की की और दर्शकों को एक रोमांचक क्लैश का वादा दिया. टॉप सीड दानिल मेदवेदेव ने पहले सेमीफाइनल में युवा अमेरिकी एलेक्स मिशेलसेन को 6-4, 6-2 से हराया. स्कोरलाइन भले ही एकतरफा दिखे, लेकिन मैच उतना आसान नहीं था, जितना आंकड़ों में नजर आता है. मेदवेदेव ने मुकाबले में कुल 27 अनफोर्स्ड एरर किए, जो उनके स्तर के खिलाड़ी के लिए असामान्य माने जाते हैं. इसके बावजूद उन्होंने अहम मौकों पर अपने अनुभव और मानसिक मजबूती का शानदार प्रदर्शन किया.

दूसरे सेट में मिशेलसेन को चार ब्रेक पॉइंट मिले, लेकिन मेदवेदेव ने एक भी ब्रेक नहीं होने दिया. यही क्षण मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ. रूसी खिलाड़ी ने दबाव में शांत रहते हुए सटीक सर्विस और गहरी रिटर्न से अपने प्रतिद्वंद्वी को पीछे धकेल दिया.

मेदवेदेव के लिए यह फाइनल 2026 की शानदार शुरुआत का संकेत भी है. 2025 सीजन के अंत में उन्होंने बीजिंग और शंघाई में लगातार सेमीफाइनल खेलकर और अल्माटी में 15 महीने का खिताबी सूखा खत्म कर यह दिखा दिया था कि वह एक बार फिर शीर्ष स्तर पर लौट चुके हैं. ब्रिस्बेन में उनका प्रदर्शन इसी निरंतरता का प्रमाण है. नाकाशिमा का यह फाइनल 2022 के सैन डिएगो ओपन के बाद पहला एटीपी फाइनल है, जहां उन्होंने अपने घरेलू दर्शकों के सामने करियर का पहला खिताब जीता था.